4
शहरी क्षेत्र में राशन लेने ओटीपी के अधिक उपयोग पर लगी लगाम



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## पारिवारिक विवाद में रची थी साजिश, महिला सहित 4 गिरफ्तार

# कलयुगी बहू ने साथियों के साथ मिलकर की ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम बोड़ाजोर में कलयुगी बहू ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर ससुर के हाथ पैर बांधकर बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

पुलिस के अनुसार 4 जुलाई को थाना दुलदुला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोड़ाजोर निवासी चुगरू प्रधान उम्र 70 वर्ष अपने घर में मृत अवस्था में पाए गए। उनके हाथ-पैर बंधे हुए थे तथा शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड की सहायता से घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर



**अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंसः सिंहः** डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा है कि जशपुर पुलिस अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करते हुए प्रत्येक गंभीर अपराध का त्वरित एवं वैज्ञानिक तरीके से खुलासा कर दोषियों को कानून के कठघरे तक पहुंचाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### इनकी हुईं गिरफ्तारी

सुगंती बेसरा, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम बोड़ाजोर, थाना दुलदुला
साहिल उर्फ राजा खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी थाना दुलदुला
आनंद यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम परसाटोली थाना दुलदुला
रोहित सिंह, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम मधुबनटोली, थाना जशपुर

### इनकी रही भूमिका

इस अंधे हत्याकांड का त्वरित खुलासा करने में थाना दुलदुला पुलिस, साइबर सेल, एफएसएल टीम एवं विवेचना में शामिल समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनकी सतर्कता, तकनीकी विश्लेषण एवं समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप गंभीर अपराध का 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा संभव हो सका।

## डॉ. मुखर्जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें कार्यकर्ताः गोमती



**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अवसर पर रविवार को कुनकुरी में जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया।

- कुनकुरी में भाजपा का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

सम्मेलन में राष्ट्रवाद, संगठन विस्तार, सेवा और सुशासन के विषय पर व्यापक मंथन हुआ। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर आधारित विशेष प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसका अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने अवलोकन किया।

मुख्य अतिथि सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक विराट जनआंदोलन है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा के लिए समर्पित रहता है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित किया। उनके विचार आज भी करोड़ों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।

### भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान बना रहा


उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विश्व की अग्रणी शक्तियों में अपना स्थान बना रहा है तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा समाज के हर वर्ग के साथ सतत संवाद बनाए रखना भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने तथा सेवा कार्यों को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया।

### भाजपा समर्पित कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा पर खड़ा

जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन व्यक्तियों के भरोसे नहीं, बल्कि लाखों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या, अनुशासन और विचारधारा के प्रति अटूट निष्ठा पर खड़ा है। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है और संगठन की सबसे मजबूत इकाई बूथ है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन उतना ही अजेय बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से वर्षभर समाज के बीच रहकर सेवा, जनसंपर्क और संगठन विस्तार के कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 98.5 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से 06 जुलाई 2026 तक 1630.2 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 06 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2557.8 मिमी हुई है, जो सामान्य का 63.7 है। बीते दिवस जिले में 98.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैरू तहसील जशपुर में 170.9 मिमी, मनोरा में 238.7 मिमी, कुनकुरी में 187.6 मिमी, दुलदुला में 158.2 मिमी, फरसाबहार में 109.6 मिमी, बगीचा में 104.5 मिमी, कांसाबेल में 159.0 मिमी, पत्थलगांव में 170.6 मिमी, सन्ना में 224.6 मिमी एवं बागबहार में 106.5 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 238.7 मिमी दर्ज की गई है। 06 जुलाई को सर्वाधिक पत्थलगांव तहसील में 18.3 मिमी वर्षा हुई।

### उत्कर्ष योजनाः 6वीं प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए शनिवार 05 जुलाई को जशपुर नगर स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लिखित परीक्षा आयोजित की गई। आदिवासी विकास विभाग जशपुर के अनुसार परीक्षा में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कुल 110 विद्यार्थी शामिल हुए थे। परीक्षा उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित कर दिया गया है। विभाग ने बताया कि जिन विद्यार्थियों या उनके पालकों को परिणाम से संबंधित कोई आपत्ति है, वे 09 जुलाई 2026 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर में लिखित में अभ्यावेदन दे सकते हैं। तय तारीख के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी अपना परिणाम सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों, सहायक आयुक्त कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट jashpur.nic.in पर देख सकते हैं।

## लोधमा स्कूल में उत्साह के साथ शाला प्रवेश उत्सव

**जशपुरनगर।** शिक्षा की नई उमंग और उत्साह के साथ विकासखंड कुनकुरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोधमा में 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच सीता पति साहनी, विशिष्ट अतिथि गीता देवी और प्राचार्य एसएम खाखा ने की। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 6वीं और 9वीं के विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकें और शिक्षण सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर प्राचार्य एसएम खाखा, प्रधान पाठिका पुष्पा एक्का, कमलेश जोशी, श्रीमती मोनिका एक्का, नीलिमा करकेट्टा, राजकुमार गुप्ता, अरुणा तिर्की, अजीत राम, आरएस नाग, एसएम इकबाल, प्रफुल्ला कुजूर, गजेंद्र साय, सुमन पटेल, मुरारी सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी और ग्रामीण उपस्थित थे।



## जिले में 15 से शुरू होगा नक्शा नवीनीकरण अभियान

**जशपुरनगर।** जिले में भू-अभिलेखों को अद्यतन, व्यवस्थित एवं अधिक उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर रोहित व्यास ने वर्ष 2026-27 के लिए नक्शा नवीनीकरण रोस्टर कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक जिले के सभी तहसीलों के चयनित राजस्व निरीक्षक मंडलों में पुराने एवं जर्जर नक्शों का नवीनीकरण किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

- जीर्ण शीर्ण नक्शों का किया जाएगा नवीनीकरण
- 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में 30 सितंबर तक चरणबद्ध होगा कार्य

जारी रोस्टर के अनुसार जिले के 27 राजस्व निरीक्षक मंडलों में अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान 766 राजस्व ग्रामों की कुल 2456 नक्शा शीटों का परीक्षण किया जाएगा, जिनमें 214 जर्जर ग्रामों की 710 नक्शा शीटों का नवीनीकरण किया जाएगा। अभियान के लिए प्रत्येक राजस्व निरीक्षक मंडल का अलग-अलग रोस्टर एवं समय-सीमा निर्धारित की गई है। रोस्टर के अनुसार 15 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक मनोरा एवं आस्ता राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके बाद 22 जुलाई से 28 जुलाई तक जशपुर एवं लोदाम मंडलों में अभियान संचालित होगा। 29 जुलाई से 4 अगस्त तक आरा एवं कुनकुरी, 5 अगस्त से 11 अगस्त तक नारायणपुर एवं गोरिया, तथा 12 अगस्त से 18 अगस्त तक दुलदुला एवं सिमड़ा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण किया जाएगा। इसके बाद 19 अगस्त से 25 अगस्त तक फरसाबहार, तपकरा एवं कोल्हेनझरिया, 26 अगस्त से 1 सितंबर तक बगीचा, बिमड़ा, कुरांग एवं सरबकोम्बो, 2 सितंबर से 8 सितंबर तक सन्ना, पंडरापाठ एवं कांसाबेल, 9 सितंबर से 15 सितंबर तक दोकड़ा, पत्थलगांव एवं केराकछार, 16 सितंबर से 22 सितंबर तक तमता एवं लुड़ेग तथा अंतिम चरण में 23 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक बागबहार एवं कोतबा राजस्व निरीक्षक मंडलों में नक्शा नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

## विकास योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी कार्य समय-सीमा के भीतर एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार मौजूद रहे।

- कलेक्टर ने की पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, श्रम विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण तथा जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शेष आंगनबाड़ी भवनों एवं उनमें शौचालय निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लंबित ई-केवाईसी कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित सभी बच्चों की आपार आईडी अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इससे प्रत्येक बच्चे का डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में उनकी शैक्षणिक प्रगति का आकलन करने और विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में सुविधा होगी। जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि डीएमएफ के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत सभी लंबित कार्यों को 31 जुलाई 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। निर्धारित समय-सीमा तक कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित कार्यों को निरस्त करने के साथ ही लापरवाही बरतने वाली संबंधित एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार वसूली सहित आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** खाट पर सो रहे ग्रामीण को जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम विशुनपुर निवासी धर्मजीत आ. सुकुल (53 वर्ष) शुक्रवार की रात घर में खाट पर सो रहा था। इसी दौरान देर रात लगभग 1.30 बजे पैर में करैत सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर धर्मजीत ने परिजन को आवाज देकर बुलाया। परिजन मौके पर पहुंच सांप को देख उसे पहले मारा फिर तत्काल श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सूरजपुर जिला अस्पताल भेज दिया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन ग्रामीण की मौत हो गई।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### बाल अधिकारों की सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के विवि विभाग में चालू सत्र से बाल अधिकारों की सुरक्षा में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। यह डिप्लोमा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में में संचालित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम में प्रथम चरण का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया तथा 30 में से 18 सीटों पर प्रवेश पूर्ण कर अध्यापन प्रारंभ कर दिया गया है। शेष सीटों के लिए विवि ने ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन मंगाया है।इस पाठ्यक्रम प्रवेश के लिए दूसरे चरण का प्रवेश परीक्षा 16 जुलाई को विवि यूटीडी के विवि विभाग में 11बजे से आयोजित की जाएगी। इसी दिन परीक्षा परिणाम एवं 16 जुलाई को मेरिट सूची जारी की जाएगी। इस पाठ्यक्रम में छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माध्यम से बाल अधिकारों की सुरक्षा से संबंधित समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं की कार्रवाइयों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन हो अनिवार्य
### भाजपा के प्रतिनिधियों ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर जिले में बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों के नियमित सत्यापन, सभी थानों में मुसाफिरी पंजी को अनिवार्य करने तथा अवैध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि हाल ही में गैंग्स ऑफ वासेपुर हत्या का आरोपी और 2001 से फरार कुख्यात गैंगस्टर शब्बीर आलम लंबे समय से खरसिया नाका क्षेत्र में निवासरत पाया गया। उसे गिरफ्तार करने पहुंची झारखंड पुलिस की कार्रवाई के दौरान उसके फरार होने की घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह घटना इस बात का संकेत है कि बाहरी अपराधियों को स्थानीय स्तर पर संरक्षण एवं सहयोग मिल रहा है, जो कानून-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए अत्यंत चिंताजनक है। भाजपा ने जिले के सभी थानों में मुसाफिरी पंजी को अनिवार्य करने की मांग की है ताकि बाहर से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का विवरण दर्ज किया जा सके साथ ही किराए के मकानों, लॉज, होटल, ढाबों एवं निजी प्रतिष्ठानों में रहने एवं कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य किया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में बस संचालन, गैरेज एवं परिवहन व्यवसाय से जुड़े संदिग्ध तत्वों पर विशेष निगरानी रखने, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने, अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित चेक पोस्टों पर वाहनों की सघन जांच करने तथा अपराधियों को संरक्षण देने वाले स्थानीय नेटवर्क एवं सहयोगियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद हर्ष, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, निलेश सिंह, दिनेश शुक्ला, पीयूष त्रिपाठी, जन्मेजय पांडे, धनंजय मिश्रा, मनोज कंसारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शराब के नशे में कार चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब के नशे में कार चलाना युवक को महंगा पड़ गया है। पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने कार चालक पर दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई चल रही है। इसी कड़ी में यातायात शाखा पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान कार क्रमांक सीजी 04 क्यूजे 9516 को चालक कोरबा बालको रजगा मार्ग निवासी 30 वर्षीय सोमेश कुमार मिश्रा आ. महेंद्र कुमार मिश्रा की जांच की तो वह शराब के नशे में पाया गया। ब्रेथ एनालाइजर से चेक करने पर शराब के नशे मे धुत्त होना पाया गया। ऐसे में पुलिस ने एमव्ही एक्ट की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला माननीय के समक्ष पेश किया था। न्यायालय ने कार चालक सोमेश कुमार मिश्रा पर 10 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

## फाल्ट आने पर सुचारू हो सकेगी आपूर्ति


# विद्युत कटौती एवं लो-वोल्टेज की समस्या से बचने तीन 33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

जगह-जगह नए-नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने के बावजूद अभी विद्युत आपूर्ति में आ रही बाधाओं से राहत नहीं मिल सकी है। गर्मी के मौसम में विद्युत की मांग बढ़ने पर उपकरणों में आए दिन खराबी आ रही है वहीं बड़े इलाके में लोगों को लो-वोल्टेज की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या के निराकरण के लिए शासन ने तीन नए 132/33 केबी विद्युत उपकंद्रों की स्वीकृति प्रदान की है। सबकुछ अनुकूल रहा तो बरसात के बाद विद्युत आपूर्ति में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

**खास बातें**
- शासन ने दी 135 करोड़ की स्वीकृति
- कम होगी विद्युत लाइन की लम्बाई

33 केवी विद्युत लाइन की लंबाई अधिक होने एवं एक फीडर में एक से अधिक विद्युत उपकेंद्र जुड़े होने के कारण विद्युत आपूर्ति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर कई गांव अंधेरे में डूब जाते हैं। गर्मी के मौसम में मांग बढ़ते ही खपत 200 एम्पीयर से ऊपर पहुंच जाती है। तथा ट्रांसफार्मर फेल होने लगते हैं। फीडर की लंबाई अधिक होने के कारण कोई भी तकनीकी समस्या आने पर दर्जनों गांवों में अंधेरा छा जाता है। इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए विभाग ने शासन को तीन नए 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र खोलने का प्रस्ताव भेजा था। नए उपकेंद्रों के लिए विभाग ने शहर से सटे ग्राम घघरी, लखनपुर, तहसील अंतर्गत ग्राम इरगवां एवं लुण्ड्रा तहसील अंतर्गत ग्राम असकला में जगह का चिन्हांकन किया था। प्रशासन द्वारा चिन्हांकित भूमि का आवंटन करने के साथ ही शासन ने इसके निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन द्वारा तीन 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के लिए 135 करोड़ रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद विभाग द्वारा निर्माण की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।



**तीन उपकेन्द्रों के भरोसे आपूर्ति**

शहर सहित सरगुजा के सैकड़ों गांवों में विद्युत आपूर्ति के लिए विभाग द्वारा तीन 33 केवी उपकेन्द्र संचालित है। शहर के विसुनपुर स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र सबसे पुराना है तथा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति करता है। इस उपकेन्द्र से ग्रामीण क्षेत्र के तीन फीडर संचालित हैं जिनमें दरिमा, भिट्ठीकला एवं चठिरमा फीडर शामिल है। उदयपुर एवं बतौली स्थित 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र से विभिन्न फीडरों के माध्यम से बड़े इलाके में विद्युत आपूर्ति की जाती है। उच्च दाब विद्युत उपकेन्द्रों की संख्या कम होने एवं मांग में लगातार वृद्धि होने के कारण लगातार समस्याएं बढ़ रही है।

**नए उपकेन्द्र से मिलेगी वैकल्पिक सुविधा**

तीन नए 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र बनने से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के बड़े इलाके में वैकल्पिक सुविधा मिलेगी तथा किसी भी विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर वैकल्पिक व्यवस्था से तत्काल आपूर्ति सुचारू किया जा सकेगा। नए उपकेन्द्रों के बनने के बाद लाइन की लम्बाई कम होने के साथ ही फीडरों की संख्या भी घट जाएगी। कम दूरी की विद्युत लाइन में तकनीकी खराबी आने पर कम समय में इसे दुरूस्त किया जा सकेगा। विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध होने पर सबसे पुराने बिसुनपुर 33 केवी विद्युत लाइन का सुधार कार्य भी आसान हो जाएगा।

**चल रही टेंडर की प्रक्रिया**

शासन की स्वीकृति मिलने के बाद तीनों 33केवी उपकेन्द्रों के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। एक पखवाड़े में प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी का निर्धारण कर दिया जाएगा। आगामी 6 महीने में निर्माण पूरा करने का लक्ष्य है।

-रोशन नागवंशी
ईई ग्रामीण विद्युत संभाग

## बाजार से लौट रही महिला से उसके पति के सामने दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर



- बंधक बनाकर दिया वारदात को अंजाम, जान से मारने की दी धमकी, चार आरोपी गिरफ्तार
- सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना क्षेत्र की घटना

सूरजपुर जिले में महिला को बंधक बनाकर समूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला के पति को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ दुष्कर्म किया। डरी सहमी महिला ने घटना की शिकायत चार दिनों बाद पुलिस से की। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना की पुष्टि एसएसपी सूरजपुर ने की है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के रामानुजनगर थाना अंतर्गत रहने वाली महिला 27 जून को अपने पति के साथ बाजार गई थी। शाम को खरीददारी करने के बाद दोनों वापस लौट रहे थे। इस दौरान महिला के पति ने अत्यधिक कोसना शराब पी लिया था और नशे में धुत होकर रास्ते में गिर गया था। इसी दौरान पति को नशे की हालत में देख रात लगभग 8 बजे महंगई निवासी 30 वर्षीय ऋतू यादव और उसके तीन साथियों ने मिलकर महिला के पति को बंधक बना लिया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान आरोपियों ने किसी को घटना की जानकारी देने पर जान से मरने की धमकी दी। वारदात के बाद सभी आरोपी भाग निकले जबकि महिला और उसका पति किसी तरह घर पहुंचे। इस घटना से महिला और उसका पति डर गये थे इस लिए उन्होंने चार दिनों तक घटना की शिकायत पुलिस से नहीं की। 2 दिनों बाद मामले की जानकारी अन्य लोगों को मिली तो महिला को उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए फोर्स किया, जिसके बाद महिला ने 2 जुलाई को ने रामानुजनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों ऋतु यादव, रामजी, कपील और रामेश्वर को बीएनएस की धारा 70 के तहत गिरफ्तार कर 3 जुलाई को जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी आदतन बदमाश है। मुख्य आरोपी ऋतु यादव को दो साल पहले हथियारबंद लूट के मामले में पकड़ा गया था और काफी समय तक जेल में रहा। 2 दिन पहले ही ट्रैक्टर की बैटरी चोरी का आरोप भी उस पर लगा था।

**की गई है गिरफ्तारी**

महिला से दुष्कर्म के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला ने घटना की शिकायत चार दिनों बाद की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और जांच चल रही है।

प्रशांत ठाकुर
एसएसपी सूरजपुर

## आवारा कुत्तों के टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान में आई तेजी

**सूरजपुर।** नगर पालिका द्वारा शहर में आवारा कुत्तों के रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी अभियान को तेज गति से संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आवारा कुत्तों की संख्या का वैज्ञानिक एवं मानवीय तरीके से नियंत्रण करना, रेबीज जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम करना तथा आम नागरिकों एवं पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

- विभिन्न वार्डों में नियमित कार्रवाई जारी



अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षित टीम द्वारा आवारा कुत्तों को सुरक्षित तरीके से पकड़कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण, रेबीज रोधी टीकाकरण एवं नसबंदी की जा रही है। ऑपरेशन के पश्चात आवश्यक देखभाल एवं स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने के उपरांत उन्हें पुनः उसी क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने अभियान को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि शहर में आवारा कुत्तों से संबंधित समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा अभियान में तेजी लाते हुए विभिन्न वार्डों में नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। वार्ड वासियों को अभियान के दौरान संबंधित टीम को आवश्यक सहयोग प्रदान करें तथा किसी भी क्षेत्र में आवारा कुत्तों की अधिक संख्या तथा उनसे संबंधित किसी समस्या की स्थिति में इसकी सूचना नगर पालिका की टीम को देने की बात कही है।

### चोरी और हत्या के मामले में फरार वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जिले में चोरी और हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत सीतापुर पुलिस टीम ने भादवि की धारा 457, 380, 34 के मामने मे फरार चल रहे आरोपी सीतापुर महेशपुर निवासी 21 वर्षीय पुस्तक दास उर्फ पुष्कर आ.लब्बूदास के प्रकरण मे उपस्थित नही रहने पर न्यायालय द्वारा आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वहीं एक अन्य प्रकरण में बीएनएस की धारा 103, 332, 115(2), 357(2), 310(3), 109 के तहत आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे पुस्तक दास उर्फ पुष्कर दास को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## एक पखवाड़े से बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर खराब

**रामचन्द्रपुर।** दूरस्थ ग्राम बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पिछले एक पखवाड़े से ग्रामीण अंधेरे से जूझ रहे हैं। बरसात के कारण सांप-बिच्छु का प्रकोप बढ़ने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहाहै।ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से मिलकर अपनी समस्या से कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन अधिकारी ट्रांसफार्मर के लिए अभी और इंतजार करने की बात कह रहे हैं। ग्राम बिशुनपुर का ट्रांसफार्मर एक पखवाड़े पूर्व जल गया जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को ढिबरी के भरोसे जीवन यापन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण भारी उमस का सामना करना पड़ रहा है तथा बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से ठप हो गई है। बीच-बीच में बारिश होने के कारण सांप-बिच्छु का प्रकोप बढ़ गया है तथा अंधेरा होने के कारण ग्रामीणों को पूरी रात जहरीले जंतुओं का भय बनारहता है। गांव में 90 परिवार निवासरत हैं। ग्रामीणों ने प्रारंभ में पंचायत प्रतिनिधियों को परेशानी से अवगत करा समस्या निराकरण के लिए त्वरित पहल करने का अनुरोध किया था। जनप्रतिनिधि व ग्रामीण कई बार विद्युत अधिकारियों को स्थिति से अवगत करा चुके हैं लेकिन विभाग द्वारा अब तक ट्रांसफार्मर बदलने की पहल नहीं की गई है।

- ढिबरी के भरोसे ग्रामीण



## कलेक्टर ने जिले के पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर



- पर्यटन को बढ़ावा देने प्रशासन सक्रिय, सुरक्षा, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं के लिए दिए निर्देश

सूरजपुर कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने रविवार को जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, पर्यटन गतिविधियों तथा विकास की संभावनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने केनापारा पर्यटन स्थल, पंडोपारा स्थित राष्ट्रपति भवन, पहाड़गांव पर्यटन स्थल तथा सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती जमील ने केनापारा पर्यटन स्थल में समूह की महिलाओं से बोटिंग एवं फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहां स्थित ओपन जिम, हट एवं शेड का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर उपलब्ध संसाधनों को व्यवस्थित कर पर्यटन गतिविधियों को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर में संचालित दुकानों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उन्हें पुनः व्यवस्थित कर पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने पंडोपारा स्थित देश के दूसरे राष्ट्रपति भवन का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन परिसर में प्रदर्शित देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के वर्ष 1952 में पंडोपारा आगमन से संबंधित छायाचित्रों सहित अन्य तस्वीरों का अवलोकन किया। उन्होंने बसंत पंडो से भेंटकर उनका सम्मान कर आत्मीय चर्चा के दौरान उनसे ऐतिहासिक स्मृतियों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बसंत पंडो ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद से मुलाकात से जुड़ी अपनी स्मृतियां साझा की। निरीक्षण के दौरान रामचंद्र पंडो द्वारा स्वास्थ्य संबंधी समस्या से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर ने बेहतर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही राष्ट्रपति भवन में आने वाले पर्यटकों एवं शोधार्थियों के लिए जनजातीय जीवन, संस्कृति और इतिहास से संबंधित फोटो गैलरी विकसित करने तथा आगंतुक पंजी संधारित करने के निर्देश भी दिए। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती जमील ने पहाड़गांव पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने समूह द्वारा संचालित पिलखा हिल्स कैफे का अवलोकन कर आने वाले पर्यटकों के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य के कारण यहां दूर-दूर से पर्यटक पहुंचते हैं।कलेक्टर ने यहां संचालित सामुदायिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए बोटिंग व्यवस्था के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समूह की महिलाओं ने बरसात के मौसम में बोट तक पहुंचने में पर्यटकों को होने वाली असुविधा से अवगत कराते हुए सीढ़ी निर्माण की आवश्यकता बताई, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ट्रैकिंग मार्ग का भी अवलोकन कर स्वयं कुछ दूरी तक पैदल चलकर स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पर्यटन स्थल पर सूचना पटल एवं सुरक्षा संबंधी निर्देश बोर्ड लगाने, बरसात के मौसम में मिट्टी कटाव रोकने के लिए पौधरोपण कराने तथा पूरे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बांध के निचले क्षेत्र में जल संरक्षण की दृष्टि से तकनीकी परीक्षण उपरांत तालाब निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण करने तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने मुस्कान महिला स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित कैफे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रैकिंग के लिए चढ़ाई और उतराई के अलग-अलग मार्ग विकसित करने तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए सरल, मध्यम एवं कठिन श्रेणी के ट्रैक विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि सभी आयु वर्ग के लोग अपनी सुविधा अनुसार ट्रैकिंग का अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने पहाड़गांव पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए नारियल के पौधे रोपित करने की संभावना पर कार्य करने को कहा, जिससे स्थल की सुंदरता बढ़ने के साथ समूह की महिलाओं के लिए आय के अतिरिक्त अवसर भी विकसित हो सकें। साथ ही पर्यटकों के लिए सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर का निरीक्षण किया और इसे पुनः प्रारंभ करने की दिशा में आवश्यक रणनीति तैयार कर शीघ्र पहल सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



## नपा अध्यक्ष के साथ कलेक्टर ने किया राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ नगर सीमा से गुजर रहे निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, प्रगति और आमजन की सुविधाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- निर्माण गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बलरामपुर से रामानुजगंज तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाने तथा लंबित भूमि अधिग्रहण प्रकरणों का समन्वय के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावित हितग्राहियों को समय पर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। नगर सीमा में निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने स्थानीय नागरिकों की ओर से सड़क निर्माण से जुड़ी समस्याओं एवं आवागमन में हो रही परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के साथ-साथ आमजन की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्माणाधीन सड़क पर उड़ने वाली धूल की रोकथाम के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क का निर्माण स्वीकृत एलाइनमेंट के अनुरूप ही किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां बीटी वर्क पूर्ण हो चुका है, वहां बिना विलंब डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाए। साथ ही निर्माणाधीन मार्ग पर बने गड्ढों को तत्काल भरकर यातायात को सुचारू रखने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बास्केटबॉल जूनियर ओपन चैंपियनशिप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- सांसद और महापौर ने किया खिलाड़ियों को सम्मानित



सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ के तत्वावधान में गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय बास्केटबॉल जूनियर ओपन चैंपियनशिप 2026 का रविवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों की बालक एवं बालिका वर्ग की कुल 12 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में महापौर मंजूषा भगत, अभिषेक शर्मा,सत्येंद्र नारायण सिंह, निशांत सिंह गोल्डी, बलविंदर सिंह छाबड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता के परिणामों में बालक वर्ग में सरगुजा बास्केटबॉल क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सरगुजा टाइगर्स द्वितीय एवं मॉन्टफोर्ट स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में सरगुजा बास्केटबॉल क्लब ने प्रथम स्थान हासिल किया। सरगुजा टाइटंस द्वितीय तथा माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रकार की नियमित प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान करती हैं, जिससे उनके खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं संचालन में रजत सिंह, सुनैना जायसवाल, आकाश गुप्ता, बबीता तिग्गा, अनुपमा तिर्की, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, दीपेश सिंह, रिमझिम एवं अभिषेक ने निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारियों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समापन समारोह में आनंद धर दीवान, कृष्ण एक्का, रविंद्र सिंह, प्रकृति राय, आकाश कश्यप एवं कृष्णकांत, रिंकी सिंह, फैजल उपस्थित थे।

## भवन निर्माण के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज को मिली 14.08 करोड़ की स्वीकृति

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज को राज्य शासन द्वारा 14.0822 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है।
स्वीकृत राशि से लोक निर्माण विभाग द्वारा निविदा के माध्यम से वर्तमान भवन की तर्ज पर दो नवीन शैक्षणिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। प्रथम भवन में सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग तथा दूसरे भवन में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं एमबीए विभाग संचालित होंगे। हरेक विभाग के लिए आधुनिक प्रयोगशालाओं का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 100-सीटर बालिका छात्रावास, महाविद्यालय की बाउंड्री वॉल, वाहन पार्किंग शेड तथा अन्य आवश्यक अधोसरंचनाओं का निर्माण भी इसी परियोजना अंतर्गत किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन ने निर्माण की शुरूआत बाउंड्री वॉल से कराने का निर्णय लिया है। वर्ष 2010 से लंबित महाविद्यालय की अधोसंरचनात्मक विकास योजना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस संबंध में सांसद चिंतामणि महाराज ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर इंजीनियरिंग कॉलेज के लंबित निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की थी। उनके पत्र के 20 दिनों बाद ही इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल भी इस संबंध में लगातार पहल कर रहे थे। भवनों के निर्माण होने से इंजीनियरिंग कॉलेज अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित होगा। बाउंड्री वॉल निर्माण से महाविद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रशासनिक कार्रवाई का मार्ग प्रशस्त होगा साथ ही संस्थान को छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में भी भविष्य में सुदृढ़ आधार साबित होगा। इस संबंध में प्राचार्य डॉ.आरएन खरे ने बताया कि शासन द्वारा भवन सहित अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि की स्वीकृति मिली है।



# अब ओटीटी पर आएगी रामचरण की 'पेड्डी'

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रामचरण की फिल्म 'पेड्डी' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। अब ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने जा रही है, जिससे उन दर्शकों की खुशी दोगुनी हो गई है, जो किसी वजह से इसे बड़े पर्दे पर नहीं देख पाए थे। फिल्म पेड्डी की डिजिटल रिलीज को लेकर लंबे समय से चर्चाएं चल रही थीं और अब आखिरकार इसकी आधिकारिक घोषणा भी कर दी गई है। ऐसे में रामचरण के फैंस एक बार फिर इस फिल्म का रोमांच अपने घरों में बैठकर महसूस कर सकेंगे।



## लाइफ Style

# कृति
## ब्रेकअप की खबरें खारिज

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ डिनर डेट पर नजर आईं, जिससे उनके ब्रेकअप की अफवाहें खारिज हो गई हैं। मुंबई में पैपराजी की ओर से कैप्चर किए गए वायरल वीडियो में, कपल खुश दिख रहा था और एक ही कार में निकला, जो उनके मजबूत रिश्ते का संकेत देता है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बता दें कि लंबे समय से बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया को एक महिला के साथ नजर आए थे। उन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुईं। इसके बाद से कृति और कबीर बहिया के ब्रेकअप की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें कबीर भी नजर आएं। अब दोनों को एक साथ डिनर डेट पर जाते नजर आए है।


देर रात को मुंबई के बांद्रा में कपल डिनर डेट पर नजर आएं। वहीं, दोनों ही पैपराजी से भी बचने की कोशिश कृति और कबीर ने नहीं की। वायरल वीडियों में कपल काफी खुश नजर आ रहे हैं और पैप्स के देखकर मुस्करा रहे थे। एक ही गाड़ी में यह कपल घर की तरफ निकला। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि इनके रिश्ते में कोई दूरी नहीं आई। कई मीडिया रिपोर्ट्स में बताया है कि कबीर के साथ वायरल तस्वीरों में दिखी लड़की, उनकी फैमिली फ्रेंड है, जिसे वह अपनी बहन की तरह मानते हैं। हाल ही में कृति सेनन की फिल्म 'कॉकटेल 2' रिलीज हुई है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला और इसने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की।

## हॉलीवुड मसाला



# टेलर-ट्रैविस की शादी में चमकीं सेलेना

**लॉस एंजेसिल।** हॉलीवुड जगत की सबसे चर्चित शादियों में से एक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और अमेरिकी फुटबॉलर ट्रैविस केल्स की शादी में टेलर स्विफ्ट की लगभग 18 साल पुरानी और बेहद करीबी दोस्त सेलेना गोमेज मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जो शादी में टेलर की ब्राइड्समेड बनी थीं। सेलेना गोमेज ने अपनी दोस्त टेलर स्विफ्ट की शादी के कार्यक्रमों के दौरान प्रसिद्ध फैशन ब्रांड ऑस्कर डे ला रेंटा की दो खूबसूरत ड्रेस पहनीं। रिहर्सल डिनर के मौके पर उन्होंने काले रंग का स्लीवलेस गाउन और डिजाइनर जूते पहने।




# फ्री में नहीं देख सकेंगे हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन'

**लॉस एंजेलिस।** इस साल की सबसे बड़ी हॉरर सरप्राइज साबित हुई 'ऑब्सेशन' को प्राइम वीडियो और एप्पल टीवी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज तो कर दिया गया है, लेकिन फिलहाल यह फिल्म प्लेटफॉर्म के सब्सक्राइबर्स के लिए मुफ्त में उपलब्ध नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। फिल्म को खरीदने के लिए 24.99 डॉलर (लगभग 2,000 रुपए) और किराये पर लेकर देखने के लिए 19.99 डॉलर (लगभग 1,600 रुपए) की कीमत तय की गई है। मेकर्स इस महीने के अंत में इसके फुल-फ्लेज्ड स्ट्रीमिंग रिलीज की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन उसकी सटीक तारीख अभी साफ नहीं है। जो लोग इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए थे, उन्हें फिलहाल इसे किराए पर लेकर या खरीदकर ही देखना होगा।



# पहली फिल्म के बारे में विद्या का खुलासा

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'परिणीता' से लोगों का दिल जीत लिया था। लेकिन बॉलीवुड में कदम रखना उनके लिए आसान नहीं था। खबर के अनुसार, सिमी गरेवाल के टॉक शो में विद्या बालन ने उस पल को याद किया, जब उन्हें इस फिल्म 'परिणीता' के लिए चुना गया था। विद्या ने बताया कि वे इस फिल्म के लिए कई ऑडिशन दे चुकी थीं और उन्हें लगभग लग रहा था कि वे रिजेक्ट हो चुकी हैं। विद्या ने बताया, 'मैं मशहूर सिंगर एनरिक के एक कॉन्सर्ट में थी। मैंने अपना फोन बंद कर रखा था, ताकि कोई परेशान न करे। मेरे साथ मेरा एक दोस्त था, जो फिल्म के डायरेक्टर प्रदीप सरकार को जानता था। जब प्रदीप सरकार ने मेरे दोस्त को फोन किया और पूछा कि विद्या कहां है?



# सेंसर बोर्ड के पेंच में सल्लू की फिल्म

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि' सेंसर बोर्ड के पेंच में फंस गई है और कहा जा रहा है कि फिल्म को सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। यह फिल्म इसी साल पहले अप्रैल में और फिर स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होनी थी। हालांकि, अब तक मेकर्स ने इसकी रिलीज को लेकर घोषणा नहीं की है। वहीं अब खबर है कि सीबीएफसी ने सलमान की इस फिल्म को अभी सर्टिफिकेट नहीं दिया है और इसे लेकर कोशिश जारी है। कहा जा रहा है कि सेंसर बोर्ड से इस फिल्म को क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं दिया गया है। सलमान की 'मातृभूमि' को लेकर कहा जा रहा था कि ये इस साल अगस्त में स्वतंत्रता दिवस वाले वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। हालांकि, न तो फिल्ममेकर्स की ओर से रिलीज डेट और न ही सेंसर बोर्ड से किसी तरह की दिक्कतों पर किसी तरह की कोई बात कही है।

## टीवी मसाला

# 'लॉकअप 2' में आकांक्षा का चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** चर्चित अभिनेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला इन दिनों 'लॉकअप सीजन 2' में नजर आ रही हैं। इस शो को फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। शो में एंट्री करने के साथ ही आकांक्षा ने अपनी



निजी जिंदगी को लेकर ऐसा खुलासा किया कि सबको तगड़ा झटका लगा। उन्होंने बताया था कि उनका और गौरव खन्ना का तलाक हो रहा है। अब निजी जिंदगी पर उन्होंने एक और हैरान करने वाली बात कही है। आकांक्षा चमोला 'लॉकअप 2' में एक के बाद एक बड़े खुलासे कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने शो में खुद को बाइसेक्सुअल बताया। उन्होंने स्पष्ट किया की गौरव खन्ना से शादी से पहले उनके लड़कियों के साथ रिलेशन रहे। आकांक्षा ने कहा, 'मैं शादी से पहले बायसेक्सुअल थी। मेरे कुछ लड़कियों के साथ रिलेशन रहे हैं। बहुत ज्यादा इंटिमेट रिलेशन नहीं रहे हैं, लेकिन मैं कुछ लड़कियों के साथ रिलेशनशिप में रही हूं। बस वही है। मुझे लड़कियां पसंद हैं। मैं लड़कियों की तरफ आकर्षित होती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा सेफ स्पेस है'। आकांक्षा चमोला के इस खुलासे के बाद नेटिजंस की सोशल मीडिया पर अलग-अलग प्रतिक्रिया आ रही है। कुछ लोग इस बात को उनका पब्लिसिटी स्टंट करार दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि शो में ट्रेंड रहने के लिए और टीआरपी के लिए यह सब ड्रामा है।

# फिल्म के टाइटल विवाद पर विराम



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आगामी बायोपिक फिल्म 'ईथा' (Eetha) के नाम को लेकर चल रहा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। यह फिल्म महाराष्ट्र की मशहूर लावणी और तमाशा कलाकार दिवंगत विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन पर आधारित है। पिछले दिनों परिवार के ही एक सदस्य के फिल्म के टाइटल पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया था। हालांकि, अब विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी ने सामने आकर इस पूरे मामले पर परिवार का रुख साफ कर दिया है और फिल्म के नाम का पूरा समर्थन किया है।

आने वाली फ़िल्म का टाइटल तब बहस का विषय बन गया जब ऐसी खबरें आईं कि विठाबाई के पोते मोहित नारायणगांवकर ने 'ईथा' नाम पर आपत्ति जताई और मांग की कि टाइटल में दिवंगत कलाकार का पूरा नाम शामिल किया जाए। इस विवाद पर बात करते हुए, विठाबाई की सबसे बड़ी बेटी, 75 वर्षीय मंगला बनसोडे करावडीकर ने चिंताओं को खारिज कर दिया और बताया कि परिवार पूरी तरह से इस टाइटल का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, हमें फ़िल्म के टाइटल से कोई आपत्ति नहीं है। मैंने मोहित से बात की है और उनसे अनुरोध किया है कि वे इस बारे में आगे कोई बयान न दें। यह टाइटल सही है क्योंकि उन दिनों, जिन गांवों में मेरी मां परफॉर्म करती थीं, वहां के लोग अक्सर उन्हें 'ईथा' कहकर बुलाते थे।

## विक्की मानसून में भी कर रहे जोरदार वर्कआउट



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में बहुत कम समय में अपने अभिनय से पहचान बना चुके एक्टर विक्की कौशल फिटनेस को लेकर काफी सजग रहते हैं। उन्होंने फिटनेस के प्रति अपनी पूरी लगन की एक झलक फैंस के साथ साझा की। एक्टर ने अपने वर्कआउट सेशन का एक वीडियो शेयर किया और कहा कि कोई छुट्टी नहीं है। विक्की ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो क्लिप शेयर किया और कैप्शन में लिखा कि नो डेज ऑफ। वीडियो में एक्टर जबरदस्त 'बेयर क्रॉल' एक्सरसाइज करते हुए दिख रहे हैं। अनुशासित फिटनेस रूटीन बनाए रखने के लिए मशहूर विक्की अक्सर सोशल मीडिया पर अपने जिम सेशन की झलकियां फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। विक्की अब संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे।

# तमन्ना ने किया लीना संग बैंकॉक में स्टेज शेयर...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और के-पॉप ग्रुप ब्लैकपिंक की सिंगर लीजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों बैंकॉक के एक इवेंट में साथ नजर आ रही हैं। इस वीडियो में लीजा ने तमन्ना को हाथ जोड़कर नमस्ते करने के अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है, जिसके बाद दोनों के बीच किसी कोलेबोरेशन की अटकलें लगाई जा रही हैं।हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 'ब्लैकपिंक' की सिंगर लीजा के साथ पोज देती नजर आई हैं। सोशल मीडिया पर इस समय उनका वीडियो लीजा के साथ काफी वायरल हो रहा है। तमन्ना में शानदार एक्टिंग और डांस के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस बैंकॉक के एक इवेंट में पहुंचीं और वहां पर मशहूर 'ब्लैकपिंक' की सिंगर के साथ नजर आईं है।




## पहले मिलता था कलाकारों को सुधार करने का मौका : मधु

# आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही होती हैं परफेक्ट

***मुंबई।** 90 के दशक की चर्चित अभिनेत्री मधु ने अपनी फिल्मों से दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। उन्होंने 'फूल और कांटे', 'रोजा', 'जेंटलमैन' और 'योधा' जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। वह लंबे समय तक फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा रहीं। मधु का मानना है कि उनके दौर की अभिनेत्रियों को खुद को निखारने और दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने का समय मिलता था, जबकि आज की अभिनेत्रियों के सामने शुरुआत से ही खुद को साबित करने की बड़ी चुनौती होती है।*

### अब जल्द आ जाता है नया चेहरा

मधु ने कहा, हम सभी का करियर काफी लंबा रहा। मैंने अपनी इच्छा से करीब 9 साल बाद फिल्मों से दूरी बना ली, लेकिन मेरी साथ की अभिनेत्रियां लगातार काम करती रहीं। उन्होंने समय के साथ खुद को बदला, नए किरदार अपनाए और दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाए रखी। आज की अभिनेत्रियों को इतना लंबा समय नहीं मिल पाता। वे पहली ही फिल्म में बेहद खूबसूरत और पूरी तरह तैयार नजर आती हैं, कुछ फिल्में करती हैं और फिर उनके जगह पर कोई नया चेहरा आ जाता है।



### अभिनेत्रियों के सामने बड़ी चुनौती

मधु ने आगे कहा, हमारे समय का फायदा यह था कि शुरुआत में परफेक्ट न होने के बावजूद हमें खुद को साबित करने का मौका मिलता था। आज की अभिनेत्रियां शुरुआत से ही परफेक्ट होती हैं, लेकिन उन पर पहली ही फिल्म से अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव रहता है। उन्हें काफी सपोर्ट मिलता है, लेकिन अगर पहली फिल्म में दर्शकों को प्रभावित नहीं कर पाईं तो उनके लिए आगे बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

### हमें मिलता था दूसरा मौका

मधु ने अपना उदाहरण देते हुए कहा, अगर दर्शकों को हम पसंद नहीं आते थे, तो हमें दूसरा और तीसरा मौका भी मिलता था। मेरे 9 साल के करियर में हर फिल्म मेरे लिए सीखने का एक नया अवसर थी। मैं शुरुआत में उतनी अच्छी नहीं थी, लेकिन धीरे-धीरे बेहतर होती गई। दर्शकों ने मुझे खुद को सुधारने का समय दिया। मेरी पहली फिल्म 'फूल और कांटे' में मैं बेस्ट नहीं थी, लेकिन लोगों ने मुझसे जुड़ाव महसूस किया। इसके बाद मुझे अपने अभिनय के साथ-साथ हेयरस्टाइल, मेकअप और स्क्रीन प्रेजेंस जैसी चीजों में भी सुधार करने का मौका मिला।

**खबर संक्षेप**



## कोसीर सहकारी समिति में किया गया पौधरोपण

**कोसीर**। सेवा सहकारी समिति कोसीर समिति प्रांगण में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त सहकारिता एवं नोडल अधिकारी कामेश सिंह कश्यप उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहकारिता निरीक्षक लकेश्वर देवांगन समिति के समिति प्रबंधक खगेश जांगड़े सहित समिति के समस्त कर्मचारी एवं क्षेत्र के कृषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण हरित विकास एवं सहकारिता के माध्यम से जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधरोपण एवं उनके संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता को आवश्यक बताया साथ ही पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### जांच में हुआ खुलासा, संचालकों को बॉयोमेट्रिक से राशन विवरण करने दिए निर्देश

# शहरी क्षेत्र में राशन लेने ओटीपी के अधिक उपयोग पर लगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण प्रक्रिया में उचित मूल्य की दुकानों से अब हितग्राहियों को केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन दिए जाने संबंधी आदेश दिया गया है। इसकी जांच करने पर पाया गया कि अधिकांश दुकानों में ओटीपी से राशन का उठाव किया जा रहा था, ऐसे में संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन का वितरण करने को कहा गया है।

बता दें कि केंद्र सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के निर्देश पर अब उचित मूल्य की दुकानों से अधिकांश हितग्राहियों को केवल आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के जरिए ही राशन दिए जाने को लेकर निर्देशित किया गया है। वहीं सरकार ने ओटीपी आधारित वितरण को सीमित कर दिया गया है और इसे केवल विशेष परिस्थितियों में ही उपयोग किये जाने को लेकर कहा गया है। इसकी जानकारी अधिकांश उचित मूल्य दुकान संचालकों को नहीं थीए ऐसे में वे ओटीपी के माध्यम से हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जा रहा था। जांच में यह भी पता चला कि शहरी क्षेत्र में इसका ज्यादा उपयोग किया जा रहा था। ज्यादातर दुकानों में एपीएल हितग्राही ही इसका उपयोग कर रहा थे। किंतु अब इस पर लगाम लगा दिया गया। विशेष परिस्थितियों में ही ओटीपी के आधार पर राशन का वितरण किया जा सकेगा। विभागीय अधिकारियों की माने तो वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत पारदर्शिता बढ़ाने और गड़बड़ियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से आधार प्रमाणीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। विभाग को ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थींए जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि किसी हितग्राही का आधार प्रमाणीकरण तकनीकी कारणों से विफल होता है तो दुकान संचालक को इसकी सूचना तत्काल संबंधित खाद्य निरीक्षक और तकनीकी टीम को देनी होगी, ताकि समस्या का समय रहते समाधान किया जा सके।



**लापरवाही पर होगी कार्रवाई**

खाद्य विभाग ने राशन दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना उचित कारण ओटीपी आधारित वितरण को प्राथमिकता देने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिन क्षेत्रों में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है या कनेक्टिविटी की समस्या है, वहां विशेष परिस्थितियों में ऑफलाइन वितरण की अनुमति रहेगी।

### नॉमिनी के आधार प्रमाणीकरण जरूरी

नई व्यवस्था के अनुसार जिन राशन कार्डों में परिवार प्रमुख और अन्य सदस्यों की ई.केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन्हें केवल बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही खाद्यान्न दिया जाएगा। वहीं नॉमिनी के माध्यम से राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को भी नॉमिनी के आधार प्रमाणीकरण के जरिए ही अनाज मिलेगा। हालांकि कुछ विशेष श्रेणियों के हितग्राहियों को राहत दी गई है। ऐसे राशन कार्ड जिनमें सभी सदस्यों की आयु 60 वर्ष से अधिक या 10 वर्ष से कम है, एकल निराश्रित व्यक्ति तथा ऐसे दिव्यांग हितग्राही जिनके लिए नॉमिनी की व्यवस्था नहीं है, उनके मामले में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण असफल होने पर मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से राशन वितरण किया जा सकेगा।

### एक सप्ताह में 38 मशीन मिले खराब

खाद्य विभाग द्वारा की गई जांच में 38 ई-पॉस मशीनों में अलग अलग तरह की खराबी पाई गई। यह जांच रिपोर्ट बीते सप्ताह भर की है। इन जांच में खराब मिले 38 मशीनों में से 15 का निराकरण कर लिया गया है। वहीं 23 मशीनों का सुधार कार्य चल रहा है। जांच में 8 ई पॉस मशीनों में प्रिंगर प्रिंट स्कैनर में खराबी सामने आई थी। जिसमें 1 का निराकरण किया गया है।



## बदहाल सड़क, बारिश में बना मौत का तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

सोहेला के बहलीडीह चौक पर स्थित पीडब्लूडी विभाग की मुख्य सड़क पिछले कई महीनों से जर्जर हालत में है। मानसून की शुरुआत होते ही इस सड़क ने मौत के तालाब का रूप ले लिया है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर जाने के कारण आए दिन स्कूली बच्चे और बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों द्वारा बार बार शिकायत किए जाने के बाद भी जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी और प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है।

यह मार्ग मुख्य रास्ता होने के कारण रोजाना सैकड़ों स्कूली बच्चे, कामकाजी लोग और राहगीर यहाँ से गुजरते हैं। गड्ढों की गहराई का अंदाजा न मिलने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं। सबसे बुरा हाल साइकिल और पैदल जाने वाले स्कूली बच्चों का है, जो कीचड़ और गंदे पानी में गिरकर न सिर्फ चोटिल हो रहे हैं, बल्कि उनके बस्ते और कपड़े भी खराब हो रहे हैं। किसी बड़े हादसे की आशंका से अभिभावक डरे हुए हैं। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। हर बार केवल आश्वासन मिला लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। जल निकासी ड्रेनेज की व्यवस्था न होने से पूरी सड़क पर घुटनों तक पानी जमा हो जाता है।

**अनहोनी की आशंका**

इस सड़क से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा है। कल ही मेरे सामने दो स्कूली बच्चे साइकिल सहित पानी से भरे गड्ढे में पलट गए। अगर समय रहते इसे ठीक नहीं किया गया, तो यहाँ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

**संतोष पटेल, स्थानीय निवासी**

**पृष्ठ 1 का शेष**

### कलयुगी बहू ने ...

अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार एवं एसडीओपी जशपुर के मार्गदर्शन में थाना दुलदुला पुलिस ने ग्राम बोड़ाछापर में हुई 70 वर्षीय बुजुर्ग गुंगरू प्रधान की हत्या की गुत्थी का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए महिला मृतक की बहू सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर सूचना एवं संदेहियों से गहन पूछताछ प्रारंभ की। विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक का अपनी बहू सुगंती बेसरा के साथ लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने परिचितों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची, योजना के अनुसार 3-4 जुलाई की मध्यरात्रि आरोपी बाइक से चुगरू प्रधान के घर पहुंचे, दरवाजा खुलवाकर उन्होंने लकड़ी के फट्टे एवं मुक्कों से मारपीट की, फिर चुगरु के हाथ-पैर बांध दिए तथा मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसकी हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लकड़ी का फट्टा, बाइक एवं 4 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## गैर-संचारी रोग नियंत्रण के लिए दिया गया व्यावहारिक प्रशिक्षण

**सारंगढ़**। जिले में राष्ट्रीय गैर. संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गत शुक्र और शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार वैष्णव के मार्गदर्शन, जिला नोडल अधिकारी डॉ. रूपेंद्र साहू के नेतृत्व तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक दीपक धारा के समन्वय में आयोजित किया गया।



प्रशिक्षण में राज्य स्तर से आए मास्टर प्रशिक्षक डॉ. उर्वीन शाह डब्ल्यू एचओ सलाहकार एवं अतुल शुक्ला ने जिले के समस्त डेटा प्रबंधकों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों तथा डेटा एंट्री ऑपरेटरों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग एवं स्ट्रोक जैसे गैर.संचारी रोगों की रोकथाम, स्क्रीनिंग, उपचार एवं फॉलो.अप संबंधी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम की रिपोर्टिंग मॉनिटरिंग एवं सुपरविजन से जुड़े महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश भी साझा किए गए। द्वितीय दिवस में एनपी एनसीडी ऑनलाइन पोर्टल पर डेटा एंट्री डेटा की शुद्धता एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं संस्थावार उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कराया गया तथा प्रतिभागियों को पोर्टल पर व्यवहारिक अभ्यास भी कराया गया। विशेषज्ञों ने डेटा एंट्री में आने वाली सामान्य त्रुटियों उनके निराकरण एवं गुणवत्ता सुधार के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया तथा फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों से निपटने के व्यावहारिक सुझाव दिए गए। यह प्रशिक्षण जिले में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी संचालन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की क्षमता वृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### नाबालिग छात्रा से मारपीट का आरोप

**रायगढ़**। जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कयाघाट में एक नाबालिग छात्रा के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मोहल्ले की तीन महिलाओं पर सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में 16 वर्षीय ललिता जायसवाल ने बताया कि वह कक्षा 10वीं की छात्रा है और जगदेव पाठशाला स्कूल में अध्ययनरत है। उसके मोहल्ले के युवक मुकेश वर्मा से पहले दोस्ती थी और दोनों के बीच बातचीत होती थी।

## जिन्दल आदर्श भारती में छात्र परिषद गठित

**किरोड़ीमल**। जिन्दल आदर्श भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय, किरोड़ीमलनगर में छात्र परिषद एवं विभिन्न सदनों के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि 6वीं बटालियन सीएएफ की डिप्टी कमांडेंट एडिशनल एसपी श्रीमती वर्षा मिश्रा रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

समारोह में विद्यालय के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरोस राम पटेल, वित्त प्रभारी एवं प्रबंध निदेशक प्रणय कुमार अग्रवाल, सचिव अनुज राम सिदार, सह सचिव दिनेश कुमार उरांव, सीबीएसई विभाग की प्राचार्या प्रियंका जैन, सीजीबीएसई अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्या रीना नाथ, सीजीबीएसई हिन्दी माध्यम की उप प्राचार्या ममता सिंह सहित विद्यालय परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, सहयोग और मैत्री की भावना ही एक आदर्श विद्यार्थी की पहचान है। उन्होंने कहा कि छात्र प्रतिनिधियों का दायित्व केवल पद धारण करना नहीं, बल्कि अपने व्यवहार और कार्यों से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना भी है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से ईमानदारी, निष्ठा और उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमेन विजय कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन और नेतृत्व के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि अनुशासन जीवन की सफलता की आधारशिला है।

## अवैध शराब बेचने वाले गुड़ेली के 2 आरोपी जेल दाखिल

**सारंगढ़**। आबकारी आयुक्त पी एस एल्मा के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर पदमिनी भोई साहू और जिला आबकारी अधिकारी संतराम वर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को आबकारी विभाग वृत्त सारंगढ़ एवं बरमकेला द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। आरोपीयों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59 क के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर जेल दाखिल कराया गया है।

गुड़ेली लातनाला मार्ग पर संदिग्ध वाहनो की जाँच तलाशी में ग्राम गुड़ेली के दो आरोपियों के दोपहिया वाहन में अवैध हाथभट्टी महुआ शराब का परिवहन किये जाने पर विधिवत कार्यवाही की गई। इसमें आरोपी अमृतलाल यादव पिता धनीराम से 25 लीटर शराब व बाईक हीरो एचएफ डीलक्स क्रमांक सीजी 13 यूजे 5448 और आरोपी बरातू मांझी पिता धरमू से 30 लीटर शराब व बाईक टीवीएस एक्सल 100 क्रमांक सीजी 13 एएन 8190 जप्त किया गया। इस कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आनंद वर्माए आबकारी उपनिरीक्षक रामेश्वर सिंह राठिया एवं हमराह स्टाफ का उल्लेखनीय योगदान रहा।

समक्ष अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

-: शपथ पत्र :-

मैं याकुब खलखो (Yakoob Xalxo) आ.श्री दाधु राम (Dadhu Ram) उम्र 39 वर्ष, जाति-उरांव, पेशा कृषि, निवासी ग्राम-डुमरबहार, पोस्ट शेखरपुर, तह, फत्थलगांव, थाना-बागबहार, जिला- जशपुर (छ.ग.) का स्थाई निवासी हूँ व निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार से है।
2. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम निमिषा (Nimisha Kumari) दर्ज है जिसे बदल कर अब निमिषा खलखो (Nimisha Xalxo) दर्ज करवाना चाहता हूँ।
3. यह कि मेरे अपने पुत्री का नाम निमिषा कुमारी (Nimisha Kumari) से निमिषा खलखो (Nimisha Xalxo) परिवर्तन कराना चाहता हूँ मेरे पुत्री का नाम परिवर्तन के संबंध में मैं छत्तीसगढ़..... में प्रकाशन कराना चाहता हूँ जिसके समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत करता हूँ।
4. यह मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को नहीं छुपाया गया है यदि भविष्य में गलत जानकारी पायी जाती है तो उसकी जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

याकूब खलखो
शपथकर्ता

-: सत्यापन:-

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र में लिखित समस्त कथन मेरे निजी जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनांक 09/06/2026 को हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

याकूब खलखो
शपथकर्ता

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10, 900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

### महापल्ली में खुलेगी पुलिस चौकी

**रायगढ़**। चक्रधर नगर थाना प्रभारी की उपस्थिति में महिला सदन हरडा बहाली महापल्ली में महिला समिति की बैठक रखी गई थी। जहां सहर्ष सर्व सम्मति से महिला सदन को पुलिस चौकी संचालन के लिए आगामी भवन व्यवस्था तक संचालित करने का निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में सरपंच तपस्विनी किसान, पंच कुंदकुंवर पटेल, अंबिका यादव, सरस्वती प्रधान, अमिला चौहान, नरेश अग्रवाल महिला समिति अध्यक्ष पार्वती बैरागी, सरला अग्रवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक में महिलाओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि महापल्ली में उक्त महतारी सदन हर दृष्टि से उपयुक्त जगह है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : गौरव पथ, रिंग रोड नं. - 2, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-401052, मो. 7000789166

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त